## न्यूज डायरी



### अमेरिका के खिलाफ बन रहा एक नया गठजोड़, रूस और चीन आए बेहद करीब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच उभरे तनाव के बाद विश्व में नए समीकरण बनने भी शुरू हो गए हैं। एक ओर जहां अमेरिका अपने सहयोगियों की संख्या बढ़ाने में लगा है तो वहीं दूसरी तरफ रूस भी इसके नए विकल्प खोज रहा है। यही वजह है कि अमेरिका के खिलाफ ऐसे देशों का एक नया गठजोड़ तैयार हो रहा है जो अमेरिकी विरोधी हैं। रूस और चीन से अमेरिका का अलगाव काफी पुराना है और दोनों से ही हाल के कुछ वर्षों में ये तनाव काफी बढ़ गया है। इस गठजोड़ को मजबूत करने की दिशा में रूस और चीन अब कदम और आगे बढ़ा दिया है। इसके तहत बीजिंग ओलंपिक गेम्स समारोह का हिस्सा बनने गए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच एक बड़ी डील हुई है। ये डील गैस और तेल सप्लाई को लेकर है।

### यूक्रेन संकट पर भारत ने दिया दोस्त रूस का साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। यूक्रेन संकट पर भारत के रूस का साथ देने पर अब अमेरिका का बयान आया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा है कि हम रूसी सैन्य तैनाती पर भारत के साथ संपर्क में हैं। अमेरिका ने भारत को आगाह करते हुए कहा कि रूस ने अगर यूक्रेन पर हमला किया तो इसका सुरक्षा माहौल पर असर न केवल पड़ोसी देशों बल्कि उसके आगे चीन और भारत तक पड़ेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यूक्रेन संकट को देखते हुए भारत, रूस और अमेरिका संबंधों पर कहा कि हमारा नई दिल्ली के साथ रिश्ता अलग है और यह अपने गुणों पर आधारित है। इससे पहले भारत ने यूक्रेन सीमा पर 'तनावपूर्ण हालात' को लेकर चर्चा के लिए होने वाली बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रक्रियागत मतदान में भाग नहीं लिया था। इसके बाद रूस ने भारत, केन्या और गैबॉन के अनुपस्थित रहने पर 'मतदान से पहले अमेरिकी दबाव के बावजूद डटे रहने' पर चारों देशों को शुक्रिया अदा किया था।

### नीरो बने पाकिस्तानी राष्ट्रपति, बलूच बहा रहे सेना का खून

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोही पिछले कई घंटे से पाकिस्तानी सेना का जमकर खून बहा रहे हैं। बलूचों का दावा है कि इस भीषण हमले में 100 सैनिक मारे गए हैं, वहीं पाकिस्तानी सेना ने भी माना है कि अभी जंग जारी है और आधिकारिक ऐलान के मुताबिक उसके 7 जवान शहीद हुए हैं। एक तरफ जहां पाकिस्तानी सैनिक जंग में मारे जा रहे हैं, वहीं पाकिस्तान के तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ऑनलाइन गेम खेल रहे थे। पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने ट्वीट करके खुद ही बताया कि वह 'वतकसम खेल रहे थे और उन्होंने बहुत अच्छा स्कोर किया है। बलूचों के हमले के बीच किए गए ट्वीट पर आरिफ अल्वी को जब पाकिस्तानी लोगों ने घेरना शुरू किया तो उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया।

### घर में घुसा, नहाया, खाया, सोया फिर मकान मालिक को 15,000 देकर चलता बना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के न्यू मैक्सिको इलाके में चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है। एक हथियारबंद चोर मालिक को नहीं देख एक घर में घुस गया। चोर घर में नहाया, सोया, बीयर पी और खाना खाया। इसके बाद वह मकान के मालिक को 200 डॉलर या करीब 15 हजार रुपये देकर चला गया। दरअसल, चोर से खिड़की टूट गई थी और उसकी भरपाई के लिए उसने यह पैसा दिया। बाद में इस अनोखे चोर की पहचान 34 वर्षीय तेराल क्रिस्टेशन के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि यह घटना 30 जनवरी की है। बाद में जब मकान के मालिक वापस आए तो उन्हें यह चोर मिला। यह चोर खिड़की तोड़कर घर में घुसा था। तेराल ने एआर–15 राइफल ले रखी थी। उसने घर से कोई चोरी नहीं की थी। बाद में चोर ने मकान मालिकों से घर में घुसने के लिए माफी मांग ली।

# जनरल नरवणे के बयान पर पाकिस्तानी सेना आगबबूला

**दावा**

भारत और पाक की सेना के बीच नियंत्रण रेखा पर गतवर्ष फरवरी महीने से तोपें और बंदूकें शांत हैं

## पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि भारतीय सेना का खुद मजबूत स्थिति में बताने का दावा भ्रामक है





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के सीजफायर को लेकर दिए बयान पर पाकिस्तानी सेना भड़क उठी है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी करके कहा है कि नियंत्रण रेखा पर सीजफायर की व्यवस्था को लेकर भारतीय सेना का खुद मजबूत स्थिति में बताने का दावा भ्रामक है। भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच नियंत्रण रेखा पर गतवर्ष फरवरी महीने से तोपें और बंदूकें शांत हैं।

इससे पहले गुरुवार को भारतीय सेना प्रमुख ने पाकिस्तान को कड़े संकेत देते हुए कहा था कि नियंत्रण रेखा पर सीजफायर इसलिए बना हुआ है क्योंकि भारत ने खुद को मजबूत स्थिति में रखकर बाचतीत किया। जनरल नरवणे के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी करके कहा कि भारतीय सेना प्रमुख का बयान पूरी तरह से भ्रामक है। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि सीजफायर इसलिए सहमति बनी क्योंकि पाकिस्तान एलओसी के दोनों ओर रह रहे लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित था।

**गलत अर्थ नहीं लगाए भारतीय सेना-पाकिस्तानः** पाकिस्तानी सेना ने कहा कि किसी भी पक्ष को इसको अपनी ताकत और दूसरे की कमजोरी के रूप में गलत अर्थ नहीं लगाना चाहिए। इससे पहले गुरुवार को जनरल नरवणे ने यह भी कहा कि भारत अलग तरह की, कठिन तथा बहु–स्तरीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। एमएम नरवणे ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तरी सीमा पर घटनाक्रम ने पूरी तरह से तैयार और सक्षम बलों की जरूरत को रेखांकित किया है। चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बिना सेना प्रमुख ने कहा कि परमाणु–सक्षम पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद, साथ ही राज्य प्रायोजित प्रॉक्सी वॉर ने सुरक्षा तंत्र एवं संसाधनों के सामने चुनौतियां बढ़ा दी हैं।

**हमें भविष्य के लिए तैयार रहना होगा-सेना प्रमुखः** सेना प्रमुख ने कहा कि हम अभी भविष्य के संघर्षों की झलकियां देख रहे हैं। सूचना के क्षेत्र, नेटवर्क और साइबर स्पेस में भी हमें इसके सबूत दिखाई दे रहे हैं। विवादित सीमाओं पर भी ये सब दिखाई दे रहा है। इन झलकियों के आधार पर हमें भविष्य के लिए तैयार होना होगा। यदि आप आस–पास देखेंगे, तो आपको आज की वास्तविकता का एहसास होगा। नरवणे ने कहा कि उत्तरी सीमा पर ताजा घटनाक्रम देश की संप्रभुता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीक वाले साजो–सामान से लैस सक्षम बलों की जरूरत को रेखांकित करते हैं।

## डायबिटीज के इलाज की नई संभावना, नए शोध में आया सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैलिफोर्निया। डायबिटीज, खासकर टाइप 2 के बारे में माना जाता है कि यह लाइलाज बीमारी है। इसे नियंत्रित तो किया जा सकता है, लेकिन यदि जांच में एकबार इसकी पुष्टि हो गई तो व्यक्ति को जिंदगीभर सतर्क रहना पड़ता है। लेकिन एक नए अध्ययन में इसके इलाज की नई संभावना जताई गई है।

स्क्रिप्स रिसर्च के विज्ञानियों की टीम की अगुआई में किए गए अध्ययन में प्रारंभिक जांच के परिणाम उत्साहवर्धक आए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि यह रणनीति एक दिन टाइप 2 डायबिटीज की रोकथाम और इलाज में इस्तेमाल की जा सकती है। यह निष्कर्ष नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

विज्ञानियों ने एक प्रायोगिक कंपाउंड आइएक्सए4 का टेस्ट मोटापा ग्रस्त चूहों पर किया है। इसमें पाया गया कि यह कंपाउंड ऐसे स्वभाविक संकेतों के मार्ग को सक्रिय करता है, जो जीवों को हानिकारक और मोटापे के कारण होने वाले मेटाबोलिक बदलाव से सुरक्षा प्रदान करता है। स्क्रिप्स रिसर्च के ल्यूक वाइजमैन ने बताया कि हम इस एक कंपाउंड से लिवर और पैनक्रियाज दोनों के इस मार्ग को सक्रिय करने में सफल हुए हैं और उससे मोटापे के शिकार जीवों के मेटाबोलिक स्वास्थ्य में सुधार भी देखा गया।



लादेन की तरह सीरिया में घुसकर अमेरिका ने आईएसआईएस चीफ को मारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सीरिया। अमेरिकी सेना के विशेष बलों ने ओसामा बिन लादेन के स्टाइल में सीरिया में घुसकर एक और क्रूर आतंकी का सफाया कर दिया है। अमेरिकी कमांडो ने राष्ट्रपति जो बाइडन के आदेश पर आईएसआईएस के नए चीफ अबू इब्राहिम अल–हाशिमी अल–कुरैशी की मांद में घुसकर उसका काम तमाम कर दिया। अबू इब्राहिम ने अबू बकर अल बगदादी की हत्या के बाद आईएस की कमान संभाली थी। इस कार्रवाई के दौरान अमेरिकी सैनिकों और अबू इब्राहिम के बीच दो घंटे तक भीषण जंग चली लेकिन अंततरू आतंकी कायरों की मौत मरना पसंद किया। अबू इब्राहिम ने बगदादी की तरह से खुद और अपने पत्नी तथा बच्चों को बम से उड़ा दिया।

## यूएई पर हूती विद्रोहियों का हमला भारतीय परिवारों के लिए बना त्रासदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में पिछले महीने यमन के हौती विद्रोहियों की ओर से किए गए हमलों के कारण भारतीय भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भारतीय मूल के ट्रक चालक रामजन रथ ने उस हादसे को याद करते हुए कहा पहले तो विस्फोट की आवाज सुनाई दी और कुछ पलों के लिए सब कुछ बिखर गया। इसके बाद उन्होंने देखा कि उनके पैरों में भी आग लगी हुई है।

रामजन ईंधन से भरा ट्रक चलाते हैं। उन्होंने ड्रोन हमले वाले दिन को याद करते हुए कहा कि उनके सामने ही उनका ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। रामजन ने मुसाफाह में भारतीय कैंटीन के पास एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत के दौरान यह बात कही। यह हमला औद्योगिक शहर अबू धाबी में एक सरकारी तंय संयंत्र के पास हुआ था। रामजन को पैर में चोट आई थी और उनका कहना है कि वह अभी भी उस हादसे को याद कर सहम जाते हैं।

इस हमले में रामजन घायल हो गए थे जबकि हरदीप सिंह (29) नामक एक अन्य ट्रक चालक की मौत हो गयी। हरदीप की हाल ही में कुछ महीने पहले शादी हुई थी। बता दें कि यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने कहा था कि अबू धाबी के हवाई अड्डे के पास संदिग्ध हूती ड्रोन हमले में मारे गए दो भारतीयों के परिवार को भारत हर संभव सहायता मुहैया कराएगा।

**भारत हर संभव सहायता मुहैया कराएगा**

यमन के हूती विद्रोहियों ने हमले की जिम्मेदारी ली थी जिसमें दो भारतीय, एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए थे। विस्फोट 'छोटी–छोटी उड़ने वाली वस्तुओं' के संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंकर पर गिरने से हुआ। संजय सुधीर ने सोमवार को 'द नेशनल' समाचारपत्र से बात करते हुए कहा कि भारत सरकार दो मृत भारतीय नागरिकों के परिवारों को 'जो भी सहायता संभव होगी' मुहैया कराएगा।

### यूक्रेन पर हमले के लिए रूस बना रहा है फाल्स फ्लैग की योजना!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। रूस और यूक्रेन के बीच लगातार युद्ध छिड़ने जैसे हालात बनते दिखाई दे रहे हैं। इन आशंकाओं को अमेरिका भी काफी हद तक हवा दे रहा है। अमेरिका ने खुलासा किया है कि रूस यूक्रेन पर फाल्स फ्लैग की योजना बना रहा है। आपको बता दें कि फाल्स फ्लैग उस स्थिति को कहते हैं जब कोई देश दूसरे देश पर ये कहते हुए हमला कर देता कि पहला हमला विरोधी पक्ष की तरफ से हुआ था। अमेरिका ने हाल ही में कुछ सेटेलाइट तस्वीरें जारी की हैं जिनमें दिखाया गया है कि रूस की सेना के करीब एक लाख जवान यूक्रेन से लगती सीमा पर तैनात हैं। अमेरिका का खुलासा इसलिए बेहद खास हो जाता है क्योंकि रूस लगातार इस बात को कहता रहा है कि यूक्रेन पर हमला करने का उसका कोई इरादा नहीं है। पिछले दिनों ब्रिटेन के पीएम बोरिस जानसन से हुई फोन पर बातचीत में रूसी राष्ट्रपति ने यहां तक कहा था कि युद्ध किसी के लिए भी सही नहीं होगा।